कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद -500 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक

दिनांक : 04.07.2018

विषय : 06/2018 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 06/2018 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 21.06.2018 को दोपहर 3.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री बी. शिव शंकर, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा उप-नियंत्रक (प्रशा) महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री बी. शिव शंकर, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा उप नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री टी. राममूर्ति | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 3. | श्री एस. मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 4. | श्रीमती बी. शैलजा राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री एल. पद्मपाणि | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री के. राम नारायण चारी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा समिति के नए सदस्य श्री के. राम नारायण चारी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी का परिचय दिया गया । अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**<u>मद सं.1</u> - <u>दिनांक 19.03.2018 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :</u>**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 19.03.2018 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 19.03.2018 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **हिंदी कार्यशाला का आयोजन :** समिति को सूचित किया गया कि क्षे.ले.का. (थलसेना), विशाखापट्टणम् में दिनांक 17.05.2018 और 18.05.2018 को दो पूर्ण-दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया । इसके अतिरिक्त जैसा कि पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय ने अनुमति प्रदान की थी, हिंदी के ई-टूल्स पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्थानीय छोटे उप-कार्यालयों और मुख्य कार्यालय के प्रत्येक अनुभाग से एक कर्मचारी/अधिकारी ने भाग लिया ।

2. **ट्यूलिप परियोजना में रिजेक्शन मेमो को द्विभाषी जारी किया जाना :** समिति को सूचित किया गया कि आई.टी.एस.डी.सी से बार-बार संपर्क किया गया है और लिखित अनुस्मारक के बावजूद अभी भी आई.टी.एस.डी.सी द्वारा कार्रवाई प्रतीक्षित है ।

3. **हिंदी पत्रिकाओं के लिए पुस्तकालय की व्यवस्था** : पिछली बैठकों में यह सुझाव दिया गया कि हिंदी, अंग्रेजी और तेलुगु पुस्तकों को कर्मचारियों के पढने के लिए एक पुस्तकालय की व्यवस्था कर डी.ए.आर.सी को इसकी जिम्मेदारी दी जाए । इस पर कार्रवाई की जानी शेष है । व.ले.अ. (प्रशा) ने सूचित किया कि दो नए अनुभागों हेतु कमरों के निर्माण का कार्य चल रहा है जो बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा । इसके बाद पुस्तकालय के निर्माण का कार्य तुरंत शुरु कर लिया जाएगा ।

4. **निरीक्षण:** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में वर्ष 2018-19 के दौरान र.ले.नि. महोदय द्वारा अनुमोदित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार नौ स्थानीय उप-कार्यालयों और मुख्य कार्यालय के सात अनुभागों का राजभाषा निरीक्षण किया जाएगा ।

**मद सं. 2 - पिछली दो तिमाहियों 12/2017 तथा 03/2018 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :**

इस संगठन की पिछली दो तिमाहियों 12/2017 तथा 03/2018 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

1. धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 12/2017 | 344 | 344 | शून्य |
| 03/2018 | 266 | 266 | शून्य |

2. हिंदी पत्राचार की स्थिति :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 12/2017 | 15772 | 3497 | 81.85% |
| 03/2018 | 19554 | 4330 | 81.87% |

**<u>मद सं. 3</u> - <u>रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा</u>** - समिति को अवगत कराया गया कि पिछली तिमाही में महानियंत्रक कार्यालय से केवल 05 पत्र प्राप्त हुए हैं । इसमें से एक पत्र के अधीन मुख्यालय कार्यालय द्वारा वर्ष 2018-19 के लिए निरीक्षण कार्यक्रम की सूचना माँगी थी । नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदन के उपरांत प्रस्तावित निरीक्षण कार्यक्रम की प्रति मुख्यालय कार्यालय को भेज दी गई है । साथ ही मुख्यालय कार्यालय में मार्च, 2018 के महीने के दौरान आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त प्राप्त हुआ है । इसके अतिरिक्त एक पत्र के माध्यम से मुख्यालय कार्यालय ने राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम, 2018-19 को डाउनलोड करने का निदेश दिया था, जिसके उपरांत उपरोक्त वार्षिक कार्यक्रम के संबंध में र.ले.नि., सिकंदराबाद की वेबसाइट पर एक परिपत्र अपलोड किया गया है । एक पत्र के माध्यम से मुख्यालय कार्यालय द्वारा सूचित किया गया कि तिमाही प्रगति रिपोर्ट के प्रोफार्मा में कुछ संशोधन किए गए हैं । तदनुसार 03/2018 की रिपोर्ट भेजते समय, नए प्रोफार्मा का उपयोग किया गया ।

**<u>मद सं. 4</u> - <u>वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा</u>** - समिति के सदस्यों को बताया गया कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2018-19 के लिए वार्षिक कार्यक्रम को राजभाषा विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड कर लिया गया और "ग" क्षेत्र के लिए निर्धारित लक्ष्यों की सूची एक परिपत्र के रूप में र.ले.नि., सिकंदराबाद की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है । सामिति के समक्ष वार्षिक कार्यक्रम के प्रत्येक मद हेतु निर्धारित लक्ष्य को रखा गया और संगठन द्वारा प्राप्त लक्ष्यों पर चर्चा की गई । समिति को सूचित किया गया कि जहाँ भी लक्ष्य प्राप्ति में कुछ कमी रह गई है उसे प्राप्त करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है ।

**<u>मद सं. 5</u> - <u>संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा</u>** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी अधिकारी | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | 01 | 02 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

**<u>मद सं. 6</u> - <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई विषय/सुझाव</u>** :

**<u>न.रा.भा.का.स.</u>** - सदस्य सचिव ने समिति के सदस्यो को बताया कि न.रा.भा.का.स. की पिछली छमाही की बैठक एन.जी.आर.आई. में दिसंबर, 2017 को आयोजित बैठक में इस कार्यालय में श्रीमती देवकी सुब्रमणियम्, वरिष्ठ अनुवादक को समारोह समिति के एक सदस्य के रूप में चयनित किया गया है । उपरोक्त समिति द्वारा एक दिवसीय वैज्ञानिक और तकनीकी संगोष्ठी को आयोजित करने का निर्णय लिया गया और 06.06.2018 को ए.आर.सी.आई. बालापुर, हैदराबाद के परिसर में इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया । न.रा.का.स. की आयोजक समिति के सदस्य के रूप में श्रीमती देवकी सुब्रमणियम्, वरिष्ठ अनुवादक ने इस संगोष्ठी में भाग लिया । संगोष्ठी का शुभारंभ श्री बी.एस रावत, संयुक्त सचिव (प्रशा. एवं राजभाषा), वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा किया गया । इस संगोष्ठी में कुल 29 वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न विषयों पर अपने अनुसंधान के पेपर हिंदी में पावंर पाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत किए गए जो बहुत ही लाभकारी थे ।

**<u>प्रशिक्षण सामग्री को द्विभाषी बनाना</u>** - समिति का सुझाव था कि निकट भविष्य में नए भर्ती लेखापरीक्षकों के लिए आयोजित किए जाने वाले तीस दिवसीय परिचायक पाठ्यक्रम हेतु यदि कोई सामग्री तैयार की जाती है तो उसे हिंदी कक्ष के सहयोग के साथ द्विभाषी बनवा लिया जाए । अनुवादक ने इसे नोट किया ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली ।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), हिंदी अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वियन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**